## महत्वपूर्ण एवं खास

### ब्लैक फंगस का उपचार को आयुष्मान भारत और खूबचंद बघेल योजना के तहत शामिल करने की तैयारी

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना के साथ फैल रही ब्लैक फंगस की बीमार के शिकार लोगों को छत्तीसगढ़ सरकार जल्द ही राहत देने वाली है। सरकार आयुष्मान भारत और खूबचंद बघेल योजना के तहत ब्लेक फंगस के इलाज को शामिल करने जा रही है। प्रदेश में ब्लेक फंगस के मरीजो की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रदेश सरकार ने ब्लेक फंगस की बीमारी के उपचार को सरकार आयुष्मान भारत और खूबचंद बघेल योजना के तहत शामिल किये जाने की योजा बना रही है। ज्ञात हो प्रदेश में इस बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है अब तक लगभग 100 लोग इस बीमारी का शिकार हो चुके है। यह बीमारी खासकर कोरोना से पीड़ित या कोरोना से ठीक हुए लोगों को ज्यादातर हो रही है। अब तक राजधानी के एम्स में इस बीमारी से पीड़ित 71 मरीज पहुंच चुके है वहीं आंबेडकर अस्पताल में 4 मरीजों का उपचार चल रहा है।

### छत्तीसगढ़ में घट रहे मरीज, लेकिन मौत का कहर जारी

**रायगढ़-बिलासपुर में सबसे ज्यादा मौत**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कोरोना मरीजों की संख्या में जरूर कमी आयी है, लेकिन मौत की रफ्तार घट नहीं रही है। प्रदेश में 146 लोगों की मौत हुई है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 5680 नये मरीज मिले हैं, हालांकि आज नये मरीज की तुलना में 9448 मरीज कोरोना से स्वस्थ्य हुए हैं। प्रदेश में एक्टिव केस अब घटे हैं। मौजूदा वक्त में प्रदेश में 85 हजार 868 एक्टिव केस हैं। प्रदेश में सर्वाधिक मौत रायगढ़ में हुई है। रायगढ़ में आज 17 लोगों की जान गयी है, जबकि बिलासपुर में 14 लोगों ने दम तोड़ा है। जांजगीर में 12, मुंगेली में 11 और गौरेला-पेड्रा-मरवाही में 10 लोगों की जान गयी है। दूसरे राज्यों के भी 13 मरीजों की आज मौत हुई है।

### बम विस्फोट की घटना में शामिल 1 नक्सली गिरफ्तार

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी, जिला पुलिस बल, छसबल, एसटीएफ, आईटीबीपी को मिली सूचना पर बुधवार को एक नक्सली सोनधर वट्टी पिता रसिया वट्टी उम्र 47 निवासी मंदोड़ा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ करने पर थाना छोटेडोंगर क्षेत्रान्तर्गत 23 मार्च को ग्राम बुकिंनतोड़ पुलिया के पास पुलिस वाहन को बम विस्फोट कर वाहन को क्षति पहुचाने की घटना में शामिल होना स्वीकार करने पर आज न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल कर दिया गया।

### प्रेमी जोड़े ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया


**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीवी -09 में तालाब किनारे खेत में एक प्रेमी जोड़े विश्वजीत बैरागी और संगीता देवनाथ का शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों शव को पोस्टमार्टम को भेजकर घटना की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पीवी 09 निवासी विश्वजीत बैरागी पिता रंजीत बैरागी उम्र 23 वर्ष का प्रेम संबंध गांव से करीब दो किमी दूर ग्राम पखांजूर काली मंदिर निवासी संगीता देवनाथ पिता खोखन देवनाथ उम्र 17 वर्ष के साथ था और इसकी जानकारी दोनों परिवार के लोगों को भी थी। उक्त प्रेमी जोड़े ने बुधवार को ग्राम पीवी -09 में तालाब किनारे खेत में जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# ताउते के बाद यास तूफान 26-27 मई तक बंगाल की खाड़ी में पहुंचेगा, मौसम विज्ञान विभाग ने जारी किया अलर्ट

**रायपुर/ नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिमी तट पर गंभीर चक्रवाती तूफान ताउते के आने के बाद एक अन्य चक्रवात 'यास' के 26-27 मई को पूर्वी तट पर पहुंचने का अनुमान है. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी. उत्तर अंडमान सागर और बंगाल की पूर्वी मध्य खाड़ी में 22 मई को कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है, जो चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है. यह उत्तर पश्चिम की तरफबढ़ सकता है और 26 मई की शाम तक पश्चिम बंगाल-ओडिशा के तटों तक पहुंच सकता है. पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम और मेघालय 25 मई से हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है.

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि उत्तर अंडमान सागर और बंगाल की पूर्वी मध्य खाड़ी में 22 मई को कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है जो इसके बाद के 72 घंटों में चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है.

कोलकाता में मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय निदेशक ने कहा, 22 मई को बनने वाला कम दबाव का क्षेत्र अगले 72 घंटे में चक्रवाती तूफान में बदल सकता है.




पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में 25 मई से हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है. इसके बाद बारिश तेज होगी और दक्षिण बंगाल के जिलों में बारिश में तेजी आ सकती है.

❑ **पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम और मेघालय में बारिश का अनुमान-** विभाग के चक्रवात चेतावनी प्रभाग ने बताया कि यह उत्तर पश्चिम की तरफबढ़ सकता है और 26 मई की शाम तक पश्चिम बंगाल-ओडिशा के तटों तक पहुंच सकता है.

उसने बताया कि पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम और मेघालय 25 मई से हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है. विभाग ने बताया कि इसके बाद बारिश तेज होगी.

❑ **कम दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है, बंगाल, ओडिशा होंगे प्रभावित-** उत्तर अंडमान सागर और बंगाल की पूर्वी मध्य खाड़ी में 22 मई को कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है जो चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है. मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय निदेशक जी के दास ने कहा कि यह उत्तर पश्चिम की तरफ बढ़ सकता है और 26 मई की शाम तक पश्चिम बंगाल-ओडिशा के तटों तक पहुंच सकता है. 22 मई को बनने वाला कम दबाव का क्षेत्र अगले 72 घंटे में चक्रवाती तूफान में बदल सकता है. उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में 25 मई से हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है. दास ने कहा कि इसके बाद बारिश तेज होगी और दक्षिण बंगाल के जिलों में बारिश में तेजी आ सकती है.

## कोविड प्रभावित पालकों एवं बच्चों का दूर होगा मानसिक तनाव

**» आश्रय देखरेख और संरक्षण हेतु बनाया गया चाइल्ड हेल्प डेस्क**

**» टोल-फ्री नंबर 1800-572-3969 जारी**

**रायपुर (आरएनएस)।** महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा कोविड 19 के फलस्वरूप पालकों और अभिभावकों से वंचित होने वाले बच्चों तथा ऐसे बच्चों की देखभाल में असमर्थ पालकों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पडेस्क का संचालन किया जा रहा है। इस हेल्पडेस्क के माध्यम से कोविड प्रभावित बच्चों एवं पालकों के मानसिक तनाव सहित अन्य आशंकाओं को दूर किया जाएगा। कोरोना पीड़ित बच्चों के आश्रय, संरक्षण के संबंध में सही जानकारी एवं समुचित परामर्श लिया जा सकता है। कोविड 19 के समय में बच्चों की देखभाल और संरक्षण की ओर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता होती है। कोविड की वजह से कई बच्चों ने अपने माता पिता को खोया हैं। कोविड संक्रमण के कारण अनेक माता-पिता बच्चों की देखभाल में असमर्थ हो सकते हैं। कोविड 19 के कारण उदभूत परिस्थिति के कारण पालको एवं बच्चों के मन में कई प्रकार की आशंकाएं एवं चिंता भी उत्पन्न हो रही है। ऐसे समय में सही सहारा एवं उचित परामर्श मिलना जरूरी हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चाइल्ड हेल्प डेस्क की स्थापना कर टोल फ्री विशेष हेल्पलाइन नंबर 1800-572-3969 प्रारम्भ की गई है। जिसमें प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा चाइल्ड लाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन 181 पर भी संपर्क किया जा सकता हैं।

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में विभिन्न जिलों में कोविड-19 प्रबंधन पर आयोजित वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए

**» छत्तीसगढ़ के पांच जिलों बलौदाबाजार-भाटापारा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा और बिलासपुर के कलेक्टर बैठक में जुड़े**

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज देश के 11 राज्यों के 60 जिलों में कोविड-19 प्रबंधन तथा कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित वर्चुअल बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा और बिलासपुर जिलों के कलेक्टर जुड़े। प्रधानमंत्री मोदी ने जांजगीर-चांपा के कलेक्टर यशवंत कुमार से चर्चा कर जिले में कोविड प्रबंधन की स्थिति की जानकारी ली। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला और मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी भी उपस्थित थे।

जांजगीर-चांपा जिले के कलेक्टर ने चर्चा के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशों के अनुसार जिले में अधिक संक्रमण वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां जनजागरूकता अभियान चलाया गया तथा सघन टीकाकरण किया गया।

उन्होंने बताया कि जांजगीर-चांपा जिले के 31 गांवों में 90 प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिले में शतप्रतिशत हेल्थ वर्कर्स और फ्रंट लाइन वर्कर्स को वैक्सीन की पहली डोज लगाई जा चुकी है। इन दोनों ही वर्गों में 85 प्रतिशत लोगों को दूसरी डोज भी लगाई जा चुकी है। जल्द ही इन वर्गों के सभी लोगों को वैक्सीनेशन कर लिया जाएगा।

जिले में 45 वर्ष से अधिक आयु के 70 प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन किया गया है। 18 से 44 वर्ष आयु के लोगों का वैक्सीनेशन प्रारंभ हो गया है। जैसे-जैसे वैक्सीन की आपूर्ति बढ़ेगी, तेजी से वैक्सीनेशन किया जाएगा। जिले में पॉजिटिविटी रेट 30 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 14 प्रतिशत हो गई है। बहुत जल्द यह 10 प्रतिशत के नीचे आ जाएगी।

## फिनो पेमेंट्स बैंक ने डेली डिपॉझिट बॅलेन्स लिमिट को 2 लाख रुपये तक बढ़ाया

**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआय) के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुरूप, फिनो पेमेंट्स बैंक ने अपने ग्राहकों के खाते की डेली डिपॉझिट लिमिट राशि 2 लाख रुपए तक बढ़ा दी है। फिनो पेमेंट्स बॅक, जिसने आर्थिक वर्ष 2020 की चौथी तिमाही में लाभ कमाया था, अपनी नई डिपॉझिट लिमिट को 1 मई 2021 से लागू किया।

आरबीआय द्वारा 2014 की भुगतान बैंकों पर जारी शुरवाती दिशानिर्देशों के अनुसार, जमा सीमा 1 लाख रुपये थी। 7 अप्रैल, 2021 की आरबीआई अधिसूचना के अनुसार,




भुगतान बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा करने के बाद और उनके वित्तीय समावेशन के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए, व्यक्तिगत ग्राहकोंके दिन के अंत तक अधिकतम बैलेंस सीमा 1 लाख रुपये से 2 लाख रुपये करने का निर्णय लिया गया है।

अपने नजदीकी फिनो बॅकिंग पॉईन्ट पर ग्राहक नगद जमा या निकाल सकते है तथा मनी ट्रान्सफर कर सकते है। इस महामारी के वक्त सुविधाजनक बॅकिंग सेवा प्राप्त करने के लिए किसी भी बॅक का ग्राहक अपने नजीदिकी फिनो पॉईन्ट को यूआरएल https://fino.latlong.in/ को क्लीक कर के या क्युआर को स्कॅन करके या 9008890088 पर अपना पिनकोड एसएमएस करके आसानीसे ढुंढ सकते है ।

डेली डिपॉझिट लिमिट की घोषणा करते हुए फिनो पेमेंट्स बैंक के सीओओ आशीष आहूजा ने कहा, आरबीआय के निर्देशों के अनुसार हमने अपने सिस्टिम और प्रोसेस को बेहतर बनाया और 1 मे 2021 से लागू किया । इससे हमारे ग्राहक अपने खाते में अधिक धन बचा सकते है। इसके इलावा हमारी वर्तमान स्वीप खाता प्रणाली हमारे सहयोगी बैंक के साथ जारी है, जिसमे ग्राहक 2 लाख रुपये से अधिक धनराशी बचा सकते हैं।

फिनो खाते में 2 लाख रुपये तक की बचत पर मौजुदा ब्याज दर लागू रहेगा । जो धनराशी स्वीप खाते में है उसका ब्याजदर हमारा सहयोगी बॅक सूर्योदय लघु वित्त बैंक द्वारा निर्धारित किया जाएगा। बैंक के डिपॉजिट्स को डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआयसीसीआय) के तहत बीमा किया जाता है, जो आरबीआय की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

डिपॉजिट लिमिट बढने से वित्तीय समावेश को प्रोत्साहन मिलेगा जिसके तेहत अधिक लोग बैंकिंग क्षेत्र में शामिल होंगे। एमएसएमई, छोटे व्यापारी और दुकानदारों से अपेक्षा की जाती है की वे इस सेवा से अपना समय बचा सकते है और बेहतर वित्तीय योजना बना सकते है। ऐसे श्री. अहुजाने आगे कहा।

## अमेरिका निवासी छत्तीसगढ़ियों ने मुख्यमंत्री बघेल के प्रयासों की सराहना करते हुए मदद के लिए हाथ बढ़ाया

**» मुख्यमंत्री ने धन्यवाद देते हुए कहा यह सार्थक पहल**

**रायपुर (आरएनएस)।** अमेरिका में निवास कर रहे छत्तीसगढ़-समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कोरोना-संकट में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए अपना भी योगदान देने की पेशकश की है।

उनके प्रतिनिधिमंडल ने बघेल से कल शाम दूरभाष पर चर्चा करते हुए कहा कि वे उनके हर फैसले में साथ है।

प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका में निवास कर रहे छत्तीसगढ़ियों की ओर से छत्तीसगढ़ के अस्पतालों में छोटे-छोटे वैंटिलेटर प्रदान करने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री बघेल ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि यह एक सार्थक पहल होगी। इस चर्चा में अमेरिका के सेंट फ्रांसिको से वेंकटेश शुक्ला, जानसन एंड जानसन के चीफ डेटा साइंस आफिसर पल्लव शर्मा शामिल थे। इन प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा भी शामिल थे।

## दंतैल हाथी ने एक व्यक्ति की ली जान,दूसरे ने भाग कर बचाया अपना जान

**महासमुंद (आरएनएस)।** ग्राम पतेरापाली अरंड में रात को टहलने के लिए गए दो व्यक्तियों में से एक व्यक्ति को दंतैल ने अपना शिकार बना डाला वही दुसरा व्यक्ति ने भाग कर अपनी जान बचाई इस घटना की जानकारी होने पर पर घटना स्थल पर वन विभाग एवं पुलिस की पंहुची।

हाथी भगाओ फ़सल बचाओ समिति सिरपुर के संयोजक राधेलाल सिन्हा से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 19 मई की रात्रि में एक दतैल ग्राम पतेरापाली (महासमुंद) में अरन्ड निवासी बाबूलाल ध्रुव पिता जेठू राम



उम्र 60 वर्ष को कुचलकर बुरी तरह से मार दिया है। बताया जाता है कि मृतक बाबूलाल अरन्ड से पतेरापाली अपने चाचा के घर मेहमान आया था जो रात 8/30 बजे के आसपास टहलने के लिए सडक तरफ गया था अचानक मुर्गी फार्म के पास हाथी के आ जाने से आने से बाबूलाल भाग नहीं पाया और हाथी ने उसे अपना शिकार बना डाला । वही युवराज ध्रुव भागने में सफल हो गया । घटना की जानकारी वन विभाग एवं पुलिस विभाग को सुचना देने पर दोनों विभाग मौका मे पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए परिवार के सदस्यों के साथ रात्रि में महासमुंद पहुंचाया। महासमुंद वन परिक्षेत्र में लगातार यह तीसरी घटना है।(1) अछोला (2) परसाडीह (3) पतेरापाली वन विभाग विगत दो दिनों से भालू को लेकर परेशान थे हाथी के तरफ़ ध्यान कम हो गया। हाथी के लोकेशन के बारे सही जानकारी नहीं नही मिल पाने से अचानक हाथी पतेरापाली पहुंच कर घटना को अन्जाम दिया है।

राधे लाल सिन्हा ने बताया कि विगत कई वर्षो से हाथियों का उत्पात क्षेत्र में जारी है दंतैलो के द्वारा जानमाल का नुक्सान लगातार किया जा रहा है इस वर्षो में हाथियों को दो दर्जन से अधिक लोगो को मौत के घाट उतार डाला है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात में शाहर के पटरी उस पार भालू आने की खबर मिली है इस बारे में अधिक जानकारी नही मिल पाई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु० सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## मुख्यमंत्री बघेल के ऑक्सीजन के औद्योगिक उपयोग के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने दी अनुमति

**» वीडियो कांफ्रेंस और दूरभाष पर चर्चा के दौरान बघेल ने प्रधानमंत्री से किया था अनुरोध**



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा केन्द्र सरकार से स्टील इंडस्ट्री को ऑक्सीजन के उपयोग की अनुमति के संबंध में भेजे गए प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने अनुमति प्रदान कर दी है। केन्द्र सरकार की सचिव स्तर की समिति ने छत्तीसगढ़ के 11 इस्पात उद्योगों को ऑक्सीजन उपयोग की सहमति दी है। मुख्यमंत्री बघेल ने इसके लिए केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के प्रति आभार प्रकट किया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के स्टील उद्योगों को राज्य में उत्पादित 20 प्रतिशत आक्सीजन के उपयोग की अनुमति दिए जाने के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के द्वारा अवगत कराया गया है कि गृह मंत्रालय द्वारा चिकित्सा और रक्षा उत्पादन से जुड़े उद्योगों को मेडिकल आक्सीजन के उपयोग की अनुमति 26, 27 और 28 अप्रैल को जारी की जा चुकी है। इसी प्रकार इंडियन स्टील एसोसिएशन से आक्सीजन की आवश्यकता के संबंध में प्रस्ताव पर उद्योगों को प्रतिदिन 17 मेट्रिक टन आक्सीजन उपलब्ध कराया जा रहा है। स्टील उद्योगों में लगातार कामकाज के संचालन के लिए सचिवों के अधिकार प्राप्त समूह भी बनाया गया है, इस समूह द्वारा स्टील उद्योगों में आक्सीजन के उपयोग पर मंजूरी दे दी गई है।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस संबंध प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 16 मई को दूरभाष पर हुई चर्चा और इसके पहले प्रधानमंत्री द्वारा मुख्यमंत्रियों के साथ ली गई वीडियो कांफ्रेसिंग में कोरोना की स्थिति में सुधार तथा आक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए स्टील उद्योगों को 20 फीसदी आक्सीजन के उपयोग की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। मोदी ने इस पर विचार का आश्वासन दिया था।

मुख्यमंत्री बघेल ने केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को इस संबंध में पत्र लिखकर यह अवगत कराया था कि राज्य में कोरोना महामारी की स्थिति में निरन्तर सुधार हो रहा है। ऑक्सीजन उत्पादक इकाईयों को ऑक्सीजन की मांग के अभाव में क्षति हो रही है तथा ऑक्सीजन की कमी के कारण राज्य की सभी स्टील निर्माता इकाईयां बंद पड़ी है, जिसके कारण लाखों मजदूर बेरोजगार हो गये हैं।